Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to introduce direct trains from Padrauna, district Kushinagar (Uttar Pradesh) to Lucknow, Delhi, Maharashtra and Gujarat.

श्री राजेश पाण्डेय (कुशीनगर) : मेरे संसदीय क्षेत्र कुशीनगर जिला मुख्यालय पडरौना से लम्बी दूरी की कोई ट्रेन न होने की वजह से सभी लोगों को काफी असुविधा उठानी पड़ती है, यदि किसी को लखनऊ-दिल्ली, महाराट्र एवं गुजरात जाना हो तो गोरखपुर ही आकर ट्रेन मिलती है। पडरौना से गोरखपुर करीब 60 कि.मी. की दूरी है वहां से लोग बस, जीप या अपने साधन से पहुंचते हैं जिससे काफी समय लगता है। आए दिन लोगों की ट्रेनें छूट जाती हैं। मेरे क्षेत्र के हज़ारों लोग मुम्बई, दिल्ली, अहमदाबाद, सूरत में नौकरी, व्यवसाय आदि के लिए आते-जाते हैं।

अस्तु सादरपूर्वक सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि कुशीनगर जिला मुख्यालय पडरौना से लखनऊ-दिल्ली, महाराट्र ए वं गुजरात के लिए लम्बी दूरी की ट्रेनों के संचालन प्रारम्भ कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।